# कोठारी इंटरनेशनल स्कूल, नोएडा

## मध्यावधि परीक्षा, सत्र 2025-26

## कक्षा: 6, विषय: हिंदी

## भाग -1 (साहित्य एवं व्याकरण), सेट- 'बी'

**दिन व दिनांक: शनिवार - सितंबर 20, 2025**

**अधिकतम अंक: 40** **निर्धारित समय: 1 घंटा**

**नाम:** ________________________ **अनुक्रमांक:** __________

---

*निर्देश -*

- *इस प्रश्नपत्र में कुल 6 पृष्ठ हैं एवं 3 खंड हैं - खंड क- पठित पद्यांश, खंड ख- अपठित गद्यांश, खंड ग -व्याकरण |*
- *इसमें 7 मुख्य प्रश्न हैं | जिसमें प्रश्न 1 में 5 उपप्रश्न, प्रश्न 2 में 6 उपप्रश्न, 3,4,5,6 में 5 उपप्रश्न, प्रश्न 7 में 8 उपप्रश्न हैं |*
- *प्रश्न संख्या 1 के लिए 5 अंक, प्रश्न 2 के लिए 7 अंक, 3,4,5,6 के लिए प्रति प्रश्न 5 अंक एवं 7 के लिए 8 अंक निर्धारित हैं |*
- *सभी प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है |*
- *प्रश्न पत्र को ध्यानपूर्वक अवश्य पढ़ लीजिए |*

---

### खंड 'क' - पठित पद्यांश **5 अंक**

**प्रश्न-1-** निम्नलिखित पठित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए-

झरने अनेक झरते
जिसकी पहाड़ियों में,
चिड़ियाँ चहक रही हैं,
हो मस्त झाड़ियों में।

अमराइयाँ घनी हैं
कोयल पुकारती है,
बहती मलय पवन है,
तन-मन सँवारती है।

i **झरने कहाँ से झरते हैं?** 1

क) झाड़ियों से

ख) पहाड़ियों से

ग) अमराइयों पर

**घ)** तन - मन पर

ii **झाड़ियों में क्या चहक रही हैं?** 1

क) चिड़ियाँ

ख) कबूतर

ग) तोता

**घ)** मोर

iii **'अमराइयाँ घनी हैं -----------------' पंक्ति को पूरा करें|** 1

क) नदियाँ लहर रही हैं|

ख) चिड़ियाँ चहक रही हैं|

ग) कोयल पुकारती है|

घ) वह जन्मभूमि मेरी|

iv **तन - मन को कौन सँवारती है?** 1

**उत्तर -**

----------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------

v **उपरोक्त काव्यपंक्तियाँ किस पाठ से संबंधित है?** 1

**उत्तर -**

----------------------------------------------------------------------------------------

## <u>खंड 'ख' - अपठित गद्यांश</u> 7 अंक

**प्रश्न-2- निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए -** **(1X7=7)**

आज पूरी दुनिया पर्यावरण की चिंता कर रही है। पहले मनुष्य प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर जीवन जीता था। वह वनों की पूजा करता था, नदियों को देवी मानता था और पृथ्वी को माँ की तरह सम्मान देता था। लेकिन समय के साथ मनुष्य की सोच बदल गई। अब वह केवल अपने लाभ के लिए पेड़ों को काटता है, नदियों को प्रदूषित करता है और मिट्टी को बर्बाद कर रहा है। विकास के

नाम पर प्रकृति का नुकसान हो रहा है। बड़ी-बड़ी इमारतें, सड़कें और कारखाने बनाए जा रहे हैं। पेड़ों की कटाई से वर्षा का चक्र भी बिगड़ गया है। इसके कारण सूखा, बाढ़, और गर्मी जैसी समस्याएँ बढ़ रही हैं। यदि समय रहते प्रकृति की रक्षा नहीं की गई, तो आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध हवा, पानी और भोजन तक नहीं मिलेगा। हमें न केवल खुद पर्यावरण को बचाना चाहिए, बल्कि दूसरों को भी इसके लिए जागरूक करना चाहिए। पेड़ लगाना, जल की बचत करना, और कचरे को हटाना - ये सब हमारी ज़िम्मेदारी हैं।

i **पहले लोग प्रकृति के साथ कैसे रहते थे?** 1

**क)** असंतुलित
**ख)** दूर-दूर
**ग)** संतुलन बनाकर
**घ)** वैज्ञानिक रूप से

ii **मनुष्य आज पेड़ों को क्यों काट रहा है?** 1

**क)** पूजा के लिए
**ख)** वनों की रक्षा के लिए
**ग)** जलवायु सुधार के लिए
**घ)** अपने लाभ के लिए

iii **विकास के नाम पर क्या किया जा रहा है?** 1

**क)** प्रकृति का नुकसान किया जा रहा है
**ख)** नदियों को स्वच्छ किया जा रहा है
**ग)** जंगलों को सुरक्षित किया जा रहा है
**घ)** खेती को बढ़ाया जा रहा है

iv **पेड़ों की कटाई का क्या प्रभाव पड़ा है?** 1

I. जंगलों की वृद्धि
II. वर्षा चक्र में गड़बड़ी
III. अधिक वर्षा
IV. सूखा, बाढ़, और गर्मी जैसी समस्याएँ बढ़ रही हैं

**क) i, ii सही है**
**ख) ii, iv सही है**

ग) i, iv सही है

घ) iii, iv सही है

**v** **यदि हम प्रकृति की रक्षा नहीं करेंगे, तो क्या होगा?** **2**

**उत्तर -**

--------------------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------------------

**vi** **कथन और कारण को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-** **1**

**कथन** - समय के साथ मनुष्य की सोच बदल गई।

**कारण** - विकास के नाम पर प्रकृति का नुकसान हो रहा है।

**(क) कथन गलत है किंतु कारण सही है|**

**(ख) कथन और कारण दोनों ही गलत हैं|**

**(ग) कथन और कारण दोनों ही सही हैं|**

**(घ) कथन सही है किंतु कारण गलत है|**

## खंड 'ग' - व्याकरण **28 अंक**

**प्रश्न-3- कोष्ठक में से सही उत्तर का चयन करके लिखिए -** **(1x5=5)**

**क)** 'सेठ' का सही स्त्रीलिंग शब्द ____________ है| (सेठानी / नारी)

**ख)** विपरीत अथवा उल्टा अर्थ बताने वाले शब्द _____________कहलाते हैं|
(विलोम शब्द / पर्यायवाची शब्द)

**ग)** संज्ञा शब्दों के स्थान पर ______________का प्रयोग किया जाता है|
(वचन / सर्वनाम)

**घ)** 'औषधि' शब्द 'दवा' का __________________है| (विलोम /पर्यायवाची)

**ड.)** 'नीरस' का विलोम ________________ है| (निरोग/ सरस)

**प्रश्न-4- सही अथवा गलत लिखिए -** **(1x5=5)**

**क)** जर्मन और फ्रेंच भाषा की लिपि रोमन है| ---------------------

**ख)** लिखित चिह्नों को वर्ण कहते हैं| ------------------------------

**ग)** ऊँट, आँसू और कुआँ अनुनासिक शब्द हैं| --------------------

**घ)** द्+ई+प्+अ+क्+अ वर्णों के संयोग से दीपक शब्द बनेगा| -----------------

**ङ)** 'लड़कपन' और 'मिठास' शब्द भाववाचक संज्ञा है| -----------------

**प्रश्न-5-** **दिए गए संज्ञा शब्दों के (व्यक्तिवाचक, जातिवाचक और भाववाचक) भेद बताइए -** **(1x5=5)**

| **<u>संज्ञा शब्द</u>** | **<u>संज्ञा भेद</u>** |
|---|---|
| **क)** रामायण | -------------------------------------- |
| **ख)** बिस्तर | -------------------------------------- |
| **ग)** मिठास | ------------------------------------- |
| **घ)** सिलाई | ------------------------------------ |
| **ङ)** स्कूल | ------------------------------------ |

**प्रश्न-6-** **नीचे दिए गए शब्दों के बहुवचन रूप लिखिए -** **(5x1=5)**

| **<u>एकवचन</u>** | **<u>बहुवचन</u>** |
|---|---|
| क) आँख | ________________________ |
| ख) लेखक | ________________________ |
| ग) एक | ________________________ |
| घ) लड़की | ________________________ |
| ङ) याद | ________________________ |

**प्रश्न-7-** **सही विकल्प चुनिए -** **(8x1=8)**

**i)** **<u>लेखिका</u> ने कहानी लिखी| रेखांकित शब्द का पुल्लिंग रूप है|** **1**

क) कहानीकार
ख) लेखक
ग) कवि
घ) रचनाकार

**ii)** **<u>नायक</u> का स्त्रीलिंग शब्द है -** **1**

**क)** अभिनेत्री
**ख)** हिरोइन
**ग)** नायिका

घ) स्त्री

iii) **विद्या <u>अज्ञानी</u> को भी --------------- बना देती है| रेखांकित शब्द का विलोम है|** 1

क) ज्ञानसागर

ख) ज्ञानयुक्त

ग) ज्ञानगंगा

घ) ज्ञानी

iv) **'दिवस' का पर्यायवाची शब्द है -** 1

क) सरस

ख) दिन

ग) रात

घ) दोपहर

v) **उसने कहा था कि वह <u>सुबह</u> आएगा लेकिन वह --------- तक भी नहीं आया| रेखांकित शब्द का विलोम शब्द लिखकर वाक्य पूरा कीजिए|** 1

क) शाम

ख) दोपहर

ग) रात

घ) दिन

vi) **निम्नलिखित में से नुक्ता युक्त शब्द नहीं है -** 1

क) कमज़ोर

ख) तूफ़ान

ग) पेड़

घ) ताज़ा

vii) **जो बैठा है उसे बुलाओ| इस वाक्य में कौन-सा सर्वनाम है?** 1

क) पुरुषवाचक

ख) निजवाचक

ग) प्रश्नवाचक

घ) संबंधवाचक

viii) **वे कल पटना गए थे| वाक्य में प्रयुक्त 'वे' सर्वनाम के किस भेद से संबंधित है -** 1

क) अनिश्चयवाचक सर्वनाम

ख) निश्चयवाचक सर्वनाम

ग) पुरुषवाचक सर्वनाम

घ) संबंधवाचक सर्वनाम